कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा / माध्य / सीएसआर / 61018 / विविध / Adopt A Student / 2019–20 / 29 दिनांक – 06/10/2020

संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा,
समस्त मण्डल।

स्मरण पत्र
अति आवश्यक

विषय :– राजकीय विद्यालयों के कक्षा 10 व 12 के मेद्यावी छात्रों को भामाशाह / सी.एस.आर गतिविधियों के माध्यम से सहयोग / गोद दिलवाने बाबत्।

प्रसंग :– कार्यालय हाजा का समसंख्यक पत्र दिनांक : 17.09.2020 के क्रम में।

उपर्युक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में लेख है कि सत्र 2019–20 में राजकीय विद्यालयों के कक्षा 10 व 12 उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से आर्थिक रूप से पिछड़े मेद्यावी विद्यार्थियों को उनकी योग्यता के अनुसार आगामी अध्ययन में सहयोग करने के उद्देश्य से "Adopt A Student" का प्रारम्भ पायलट प्रोजेक्ट रूप किया जाना है। इस योजनान्तर्गत राज्य के राजकीय विद्यालयों से सत्र 2019–20 में कक्षा 10 व 12 के प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को भामाशाह / दानदाता / सीएसआर कम्पनियों से जोड़ा जाना है। अत :–

01. विद्यार्थी द्वारा राजकीय विद्यालय से सत्र 2019–20 में कक्षा 10 व 12 उत्तीर्ण की हो।
02. ऐसे विद्यार्थी जिनके अभिभावक आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हो एवं सत्र 2019–20 में कक्षा 10 व 12 कम से कम 80 प्रतिशत प्राप्तांक प्राप्त किए हो।

उपरोक्त शर्तो के आधार पर चयनित विद्यार्थी की सूचना "प्रपत्र–अ" में संबंधित संस्था प्रधान से भरवाकर प्रमाणित प्रति मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से आप द्वारा संकलित की जानी थी। तदोपरान्त उक्त प्रपत्र–अ की सूचना को संलग्न प्रपत्र–ब में संकलित करते हुए एक्सल शीट में तैयार कर प्रमाणित प्रति कार्यालय को 10 दिवस में उपलब्ध करवाए जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

परन्तु खेद का विषय है कि समयावधि व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी सूचना अप्राप्त है। अतः प्रासंगिक पत्र द्वारा चाही गई सूचना को निर्धारित प्रपत्र में संकलित करते हुए प्रमाणित प्रति आज ही कार्यालय को उपलब्ध करावें, एवं Excel Sheet (Soft Copy) कार्यालय की Email ID : off.csr.dse@rajasthan.gov.in पर भी भिजवाए। अन्यथा ही स्थिति आप स्वयं व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगें।

संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
मा. शि., राजस्थान, बीकानेर

www.rajteachers.com